अग्रवाल महाविद्यालय में दिनाँक 03–09–2015 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का अयोजन किया गया. यह व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया. इस व्याख्यान में वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० बलवान गौतम, रामानुजम कालेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने "पं० दीनदयाल उपाध्याय : जीवन एवं दर्शन" विषय अपने विचार रखे. उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे. वे प्रखर चिन्तक, कुशल संगठन कर्ता, शिक्षाविद्, राजनीतिक लेखक व पत्रकार थे उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज व राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया. समस्त विद्यार्थी इस अतिथि व्याख्यान से लाभान्वित हुए एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से डॉ० बलवान गौतम ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया.

अन्त में राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु ने धन्यवाद किया. इस अवसर पर राजनीतिक शास्त्र विभाग एवं अन्य विभागों के प्रवक्ता भी मौजूद थे.